तालिका–4 खादी और ग्रामोद्योग में विकास

वर्ष	उत्पादन (करोड़ रुपए में)	रोजगार (लाख व्यक्ति)
1990–91	2280.02	48.57
1991–92	2592.79	50.16
1992-93	2876.94	52.38
1993–94	3233.86	53.28
1994–95 (अ)	3645.00	57.55

(अ) लक्ष्यों के आधार पर अनन्तिम

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है ।

गुजरात में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश

3908. **श्री गोपाल सिंह जी० लोलंकी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 1994 तक गुजरात में सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम में कुल कितना निवेश किया गया है ;

(ख) इस सम्बन्ध में जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने राज्य में कुछ और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव प्रेषित किया है; और

(घ) प्रत्येक उपक्रम के वार्षिक उत्पादन लाभ/हानि तथा कार्यरत कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) (क) ख) और (घ) : 31-3-94 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य में पंजीकृत कार्यालय वाले सरकारी क्षेत्र के 2 उद्यम अर्थात, इण्डियन पैट्रो-कैमिकल्स लि०, जिला बडौदरा और नेटेका (गुजरात) लि०, जिला अहमदाबाद में स्थित थे । निवेश, उत्पादन मूल्य, निवल लाभ/हानि और कर्मचारियों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है :

(करोड़ रु० में)

सरकारी क्षेत्र के उद्यम का नाम	31-3-94 तक निवेश (सामान्य शेयर व ऋण)	वर्ष 93-94 के दौरान उत्पादन मूल्य	93-94 के दौरान निवल लाभ/हानि	31-3-94 तक कर्मचारियों की संख्या
इण्डियन पेट्रोकैमिकल्स कारपो० लि०	2009	1636	89.20	11858
नेटेका (गुजरात) लि०	296	32	(–) 82.38	9262

(ग) जानकरी एकत्रित की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी ।